भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2391** जिसका उत्तर

सोमवार, 9 **दिसंबर,** 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है

पत्तनों का स्तरोन्नयन

2391. श्री अश्वनी वैष्णवः

डा॰ विकास महात्मेः

श्रीमती विजिला सत्यानंतः

क्या **पोत परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में पत्तनों और बंदरगाहों के स्तरोन्नयन पर कितना व्यय हुआ; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों में महापत्तनों के उन्नयन के लिए अनेक परियोजनाएं सौंपी गई हैं जिनकी कुल परियोजना लागत 13308.41 करोड़ रूपए है। विगत तीन वर्षों के दौरान सौंपी गईं अवसंरचना विकास संबंधी परियोजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वित्तीय वर्ष	**परियोजनाओं की संख्या**	**व्यय/निवेश (करोड़ रुपए में)**	**क्षमता (एमटीपीए में)**
2016-17	54	8484.47	92.09
2017-18	25	2659.73	21.93
2018-19	25	2164.21	10.73
कुल	**104**	**13308.41**	**124.75**

ये परियोजनाएं नए बर्थों / बंदरगाहों और टर्मिनलों के निर्माण, मौजूदा बर्थों / बंदरगाहों और टर्मिनलों के यांत्रिकीकरण, बड़े जलयानों को लाने के लिए ड्राफ्ट को गहरा करने हेतु कैप्टिल ड्रेजिंग, सड़क और रेल संपर्कता का विकास आदि से संबंधित हैं।

*****